चीफ इंजीनियर ने दिया ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने का आदेश

सीवरेज समस्या

गुरुग्राम, 11 जुलाई (निस)

मुख्य अभियंता ठाकुर लाल शर्मा ने आज शहर में सीवर से संबंधित समस्याओं को लेकर एक आपातकालीन बैठक की और पार्षदों की शिकायत पर अमल करते हुए एक ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने का आदेश दिया। कई पार्षदों ने वार्ड 31, 32, 33, 34 में निगम के ठेकेदार द्वारा मशीनरी की बजाय मैनुअल तरीके से सफाई कराने, सीवर जाम होने और निगम का पैसा बर्बाद होने की शिकायत की थी।

पार्षदों ने चिट्ठी लिखकर यह भी शिकायत की थी की हाउस की बैठक में भी बार-बार शिकायत करने के बावजूद ठेकेदार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही। जो ठेका लिया गया है उसकी समय सीमा समाप्त हो रही है और अब थोड़ा बहुत सीवर साफ करने के नाम पर ड्रामा हो रहा है। जिसका खामियाजा लोग भुगत रहे हैं। बैठक में सीवर से संबंधित सभी ठेकेदार शमशेर, राजेंद्र, लाली, जितेंद्र माथुर, मनजीत, नरेंद्र आदि मौजूद थे। इसके अलावा एसडीओ वसीम अकरम, राकेश , संजय शर्मा, जितेंद्र दहिया आदि भी मौजूद थे।

बैठक में अधीक्षक अभियंता विवेक ने सबसे सर्वाधिक शिकायत प्राप्त ठेकेदार का पक्ष लेते हुए उन्हें 1 सप्ताह का समय दिलाने का अनुरोध किया लेकिन मुख्य अभियंता ने आदेश दिया कि उसकी सारी अदायगी रोक ली जाए जो भी काम नहीं किया है उसके बदले बिल जीरो कर दिया जाए, उसे ब्लैक लिस्ट कर दिया जाए। बैठक में शिकायतकर्ता पार्षद कुलदीप बोहरा भी मौजूद थे ज्ञात हुआ है कि बारिश के एक-दो दिन के माहौल से ही पूरा शहर हाल बेहाल हो गया है।

राई गांव के तालाब पर कब्जे का मामला

अदालत के आदेश के बाद भी अवैध कब्जे बरकरार, खनन जारी

सोनीपत, 11 जुलाई (हप्र)

सोनीपत के राई गांव में अदालत के आदेश को धता बताकर तालाब पर जारी अवैध खनन। -हप्र

एनएच-44 स्थित गांव राई में तालाब पर अवैध कब्जे के मामले में अदालत के आदेश के बावजूद नगर निगम द्वारा अवैध कब्जे नहीं हटवाए गए। यहां तक कि तालाब में लगातार अवैध खनन जारी है। शिकायतकर्ता ने अब नगर निगम से गुहार लगाई है कि शीघ्रता से तालाब से अवैध कब्जे हटवाते हुए अवैध खनन रुकवाया जाए।

गांव राई निवासी बालकिशन ने 2015 में जिला अदालत में याचिका दायर करते हुए बताया था कि गांव में करीब 18 कनाल 9 मरला क्षेत्र में तालाब है, जिस पर लगातार अवैध कब्जे किए जा रहे हैं। तालाब में लगातार अवैध खनन भी जारी है। शिकायत पर गौर करते हुए गत वर्ष 13 अक्तूबर 2021 को अदालत ने नगर निगम सोनीपत को आदेश दिए थे कि उक्त तालाब की पूरी भूमि को कब्जा मुक्त करवाते हुए उसे अपने अधीन लिया जाए और इसके बाद उसे आधुनिक तकनीक से संवारा जाए। इस आदेश के करीब एक साल बाद भी नगर निगम हरकत में नहीं आया है। नगर निगम की तरफ से न तो तालाब की भूमि से कब्जा हटवाने को कोई कार्रवाई की है और न ही अवैध खनन रुकवाया है।

शिकायतकर्ता बालकिशन ने बताया कि उसने गत माह डीसी कार्यालय में भी शिकायत देकर अदालत के आदेश का हवाला दिया था और कब्जा हटवाने की मांग की थी, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। नतीजा यह है कि वर्तमान में भी तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे बरकरार है और वहां पर लगातार अवैध खनन भी हो रहा है।

> राई गांव में तालाब की भूमि से अवैध कब्जे हटवाने के लिए ग्रामीण बालकिशन ने लंबी लड़ाई लड़ी है। अदालत ने उनके हक में फैसला दिया है। जिसके अनुसार नगर निगम को अदालत ने शीघ्र कार्रवाई के आदेश दिए थे, लेकिन नगर निगम की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। नगर निगम व प्रशासन को तुरंत अदालत के आदेश मानते हुए अवैध कब्जे छुड़वाने चाहिए व अवैध खनन को तुरंत बंद करवाना चाहिए।
>
> -जयतीर्थ दहिया, पूर्व विधायक, राई विधानसभा क्षेत्र

खबर है...

बरसाती पानी से मकानों में आयी दरार

नारनौल के गांव नांगल में घरों में भरा बारिश का पानी। -हप्र

नारनौल (हप्र) : गांव नांगल में पानी निकासी के लिए बनाई गई नालियों की सफाई न होने की वजह से जगह-जगह बरसात का पानी घरों में घुस गया जिससे लोगों का सामान भीग गया व अब मकानों में भी दरार आनी शुरू हो गई है। ग्रामीण निहाल चंद, मनोज कुमार, केशव चंद, शेरसिंह, नंदलाल, अशोक कुमार आदि ने बताया कि राजकीय पाठशाला के पीछे नालियां जगह-जगह टूटी हुई है व गंदगी से अटी हुई है। बारिश का पानी रास्ते में मकानों के साथ खड़ा है। पानी खड़ा रहने से घरों में दरार आनी शुरू हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी जमा रहने से बीमारियां फैलने का खतरा बना रहता है। इस सम्बंध में बीडीपीओ को दी शिकायत में कहा गया है की ग्राम सचिव को समस्या से अवगत करवाया गया लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ।

समझौते के बाद हड़ताल की खत्म

गुरुग्राम (निस) : आज जिला टैक्सेशन बार एसोसिएशन और कराधान विभाग के अधिकारियों के बीच समझौते के बाद टकराव समाप्त हो गया लेकिन इससे पहले अपने एक वरिष्ठ अधिवक्ता साथी के खिलाफ हुए दुर्व्यवहार को लेकर आज एसोसिएशन ने हड़ताल की जो दोपहर बाद वार्ता होने पर समाप्त हो गई। संबंधित अधिकारी ने अधिवक्ताओं के सम्मुख खेद व्यक्त किया तथा यह निर्णय हुआ कि आगे से ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो और यदि कोई मामला है तो उसे पहले बैठकर सुलझा जाएगा। आज अपनी घोषणा के मुताबिक जिला बार कराधान एसोसिएशन ने हड़ताल रखी। सारा कामकाज ठप हो गया लगभग ८० वर्षीय अधिवक्ता राजेश कुमार सूटा से एक केस के मामले में सुनवाई के दौरान कार्यालय में एक महिला अधिकारी द्वारा तथाकथित अभद्र व्यवहार से अधिवक्ता नाराज थे।

न अनुबंध बढ़ाया, न 3 माह से वेतन दिया

सफीदों (निस) : स्थानीय सरला देवी राजकीय महिला कालेज के भवन के एक भाग में संचालित राजकीय नर्सिंग संस्थान की अनुबंधित टीचर्स कालेज छोड़ने की स्थिति में हैं। उनका कहना है कि उनका अनुबंध बीती ३१ मार्च को समाप्त हो चुका है और विभाग ने न तो उनका अनुबंध आगे बढ़ाया है और न ही उन्हें पिछले तीन माह का वेतन दिया गया है। कालेज की १३ टीचर्स ने सोमवार को बताया कि उन्हें छात्राओं की पढ़ाई का तो खयाल है लेकिन बिना वेतन के वे काम कैसे कर सकती हैं। इस कॉलेज में आजकल पढ़ाई व्यवस्था खस्ताहाल में है क्योंकि टीचर्स लामबंद हो गृह मंत्री से मिलने व वैधानिक मशवरे लेने में लगी हैं। ऐसी स्थिति की सूचना पर हरियाणा के सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता टीसी गर्ग ने दिल्ली से फोन पर गहरा दुख व्यक्त किया। बता दें कि मुख्यमंत्री ने गर्ग के आग्रह पर ही यहां राजकीय नर्सिंग संस्थान खोला था।

सरपंच की हत्या में एक को उम्रकैद, 4 बरी

हिसार (हप्र) : चुनावी रंजिश को लेकर मात्रश्याम गांव में सरपंच बलवंत को ६ गोलियां मारकर हत्या करने और उसके दोस्त को एक गोली मारकर घायल करने के करीब छह साल पुराने मामले में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश विवेक गोयल की अदालत ने अशोक उर्फ लौटा को आजीवन कारावास व २३ हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने की सूरत में सजा की अवधि चार माह अतिरिक्त बढ़ा दी जाएगी। मामले के ४ आरोपियों अशोक पुत्र सीताराम, आजाद, सुरजीत, रमेश को अदालत ने बरी कर दिया है।

99.96 अंक लेकर जेईई मेन्स परीक्षा में उत्तीर्ण अनामिका

हिसार (निस) : गांव सीसवाला निवासी जेबीटी शिक्षक की बेटी अनामिका गोदारा ने जेईई मेन्स-22 की परीक्षा में 99.96 अंक लेकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। शिक्षा विभाग में एबीआरसी के पद पर कार्यरत अनामिका के ताऊ जवाहर सिंह ने बताया कि उनकी बेटी शुरू से ही होनहार रही है। उन्होंने बताया कि अनामिका के पिता सुभाष गोदारा जेबीटी शिक्षक है, जबकि उसकी माता गृहणी है।

भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड
(विद्युत खण्ड)
शुद्धिपत्र संख्या-1

कार्य के लिए हमारी निविदा संख्या सूचना (ई निविदा संख्या 07/ओएण्डएम भिवानी 2022-23 दिनांक 25.05.2022) वर्ष 2022-23 के लिए 220 केवी उपकेन्द्र, बीबीएमबी, चरखी दादरी पर उपकेन्द्र की चारदीवारी के पुनर्निर्माण के लिए ई-निविदा जो कि दिनांक 27.05.2022 को प्रकाशित की गई थी (दस्तावेजों को डाउनलोड करने और अपलोड करने की अंतिम तिथि 26.08.2022 को 15.00 बजे तक बढ़ा दी गई है और इसे 29.08.2022 को 15.00 बजे को खोला जाएगा। अन्य सभी नियम व शर्तें यथावत रहेंगी। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना बीबीएमबी की अधिकारिक वैबसाइट http://eproc.punjab.gov.in और www.bbmb.gov.in पर उपलब्ध है जी।

अतिरिक्त अधीक्षण अभियन्ता, परिचालन एवं अनुरक्षण मण्डल, बीबीएमबी, भिवानी।

1418-पीआर-टीएस-3 ऊर्जा बचाओ, उज्जवल भविष्य पाओ

जनता विद्या भवन सोसायटी (रजि.) बुटाना, गोहाना सोनीपत
रजि. कार्यालय : जनता विद्या भवन, बुटाना
कोलेजियम नं. 13, 14 और 22 के कार्यकारिणी के सदस्यों के उप चुनाव का कार्यक्रम-2022

क्र. सं.	विषय	दिनांक	समय
1.	कॉलेजियम के सदस्यों की सूची का प्रकाशन	06.07.2022	
2.	नामांकन पत्र भरना	25.07.2022	प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक
3.	नामांकन पत्रों की जांच	26.07.2022	प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक
4.	नामांकन वापसी	27.07.2022	प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक
5.	चुनाव लड़ने वालों की अंतिम सूची जारी करना	27.07.2022	प्रातः 10.00 बजे
6.	चुनाव चिन्ह का वितरण	27.07.2022	दोपहर 2.00 बजे से
7.	मतदान	10.08.2022	प्रातः 09.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक
8.	मतगणना एवं परिणाम की घोषणा	10.08.2022	मतदान के तुरंत बाद

नोट : 1. उपरोक्त सभी कार्यों के लिए स्थान जनता विद्या भवन, बुटाना।
2. नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए 1000/- (एक हजार रुपये केवल) नामांकन फीस जमा करवानी अनिवार्य है।
3. इन कॉलेजियम के सभी सदस्य चुनाव में भाग लेने के पात्र होंगे।

President
Janta Vidya Bhawan,
BUTANA (Sonepat).

DI-8560

OXFORD COLLEGE OF EDUCATION
(Approved by NCTE & Affiliated to MDU, Rohtak)
Khera Khurrampur, Farukhnagar, Gurugram (HR.)-122506

Applications are invited for the following Posts on Regular Basis under Self- Finance Scheme:

Teaching Staff M.Ed.

Professor-2, Associate Professor-2, Assistant Professor-2.

Teaching Staff B.Ed.

Asstt. Prof. in Perspectives in Education-04, Asstt. Prof. in Pedagogy Subjects:- Hindi-01, Mathematics-01, Social Science-01, Physical Science-01, Computer Science-01, Commerce-01, Asstt. Prof. in Health and Physical Education-01.

Non-Teaching Staff

Laboratory Assistant-01, Technical Assistant-02, Clerk-Cum-Typist-01, Library Assistant-1, Office Assistant–Cum-Computer Operator-2, IT Executive/maintenance Staff-1, Helper/ Peon-02.

Qualifications, Pay Scale and Experience as per norms of UGC/NCTE/State Govt./MDU, Rohtak. Application form is available on website of college www.oxfordg.com. Interested candidates may download or obtain it from the college on any working day and apply along with visible copy of all testimonials and experience certificates etc. within 21 days from the date of this advertisement i.e. till 01/08/2022 to the President of the college through Regd. Post/By hand and one copy be sent to The Dean, College Development Council, M D University, Rohtak.

President

Mob: 8222001929 / 9813391815
Email:oxfordcollege3047@gmail.com
Website: oxfordg.com

सीवर-पानी समस्या को लेकर प्रदर्शन

रोहतक, 11 जुलाई (हप्र)

सोमवार को रोहतक सेक्टर वासियों की एसोसिएशन आरडब्ल्यूए व अन्य निवासियों ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण रोहतक के कार्यालय में सांकेतिक धरना दिया, जिसमें रोहतक के सभी सेक्टरों में सीवरेज की व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था, बरसाती पानी की निकासी सुचारू रूप से करवाने, ओवरफ्लो सीवरेज व दूषित पेयजल सप्लाई पर रोष जताया। धरने पर बैठे लोगों ने कहा कि मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलने से लोग परेशान हो रहे हैं। सभी सेक्टरवासियों ने शहरी विकास प्राधिकरण के प्रशासक, निगम आयुक्त व महापौर के नाम ज्ञापन सौंपा।

खोया-पाया

मैं तपेश कुमार पुत्र श्री अमन सिंह निवासी गांव व डाकघर बिलासपुर कलां, तहसील मानेसर, जिला गुरुग्राम, हरियाणा का हूं और मेरा प्लाट न0. 9/441, नगर विकास न्यास कॉलोनी भिवाड़ी, तहसील टपूकड़ा, जिला अलवर, राजस्थान में है, जिसका क्षेत्रफल 216 वर्गमीटर है और मेरे इस प्लाट का Allotment Letter (मूल आवंटन पत्र) गुम हो गया है, जिस बाबत मैंने एक प्राथमिक रिपोर्ट साइबर क्राइम पुलिस थाना Tapur Portal पर बजरिए LR No. 1501669/2022 दिनांक 07.07.2022 को दर्ज करा दी है। इस प्लाट का मूल आवंटन पत्र किसी भी सरकारी गैर सरकारी, अर्द्ध सरकारी या किसी वित्तीय संस्था में जमा नहीं है और ना ही व्यक्तिगत लेन - देन में है और ना ही कोई ऋण सुविधा ली हुई है। अतः यह मूल आवंटन पत्र किसी को मिलता है, तो इस नम्बर पर सम्पर्क करने का कष्ट करें 9416738764

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी भिवानी।

शुद्धिपत्र

जिला स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा SAT से संदर्भित जो टेंडर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 9.07.2022 को तथा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी द्वारा 10.07.2022 को जारी किया गया है,उसे रद्द समझा जाए तथा निदेशालय स्तर पर जारी टेंडर की अनुपालना की जाए।

जिला शिक्षा अधिकारी
भिवानी।

नोटिस सरेआम

अदालत सब रजिस्ट्रार भिवानी।
मृत्यु उपरांत वसीयत

वसीयतकर्ता: श्रीमती सरोज रानी पत्नी कृष्ण कुमार पुत्र [illegible] भिवानी, गली डकोतान जैन चौक भिवानी, तहसील व जिला भिवानी।

इश्तहार रूबरू द्वारा आम व खास को सूचित किया जाता है कि अब मृतक श्रीमती सरोज रानी पत्नी कृष्ण कुमार पुत्र [illegible] भिवानी गली डकोतान, जैन चौक भिवानी ने दिनांक 14-06-2019 को एक वसीयत लिखवाई थी। जो कि वह उसे अपने जीवनकाल में पंजीकृत नहीं करवा सकी। यह वसीयत अब पंजीकृत होने के लिए इस कार्यालय में लंबित है। अतः यदि इस बारे में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई एतराज है तो वह अपने एतराज प्रकाशन या व्यक्तिगत लिखित रूप में इस विज्ञापन के छपने के 30 दिन अंदर-अंदर स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से मेरे सम्मुख किसी भी कार्य दिवस को प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा इस वसीयत को नियमानुसार पंजीकृत कर दिया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर व मोहर से जारी हुआ

सब रजिस्ट्रार, भिवानी।

किसानों को समान नहरी पानी सुनिश्चित करें अधिकारी : सांसद

चरखी दादरी, 11 जुलाई (निस)

सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि किसानों को उनके हक का समान पानी मिले, इसके लिए अधिकारी सुनिश्चित करते हुए प्लानिंग बनाकर कार्य करें। जिन क्षेत्रों की नहरों में मोगे नहीं हैं, वहां मोगे लगाकर पानी पहुंचाना सुनिश्चित करें। ताकि किसानों को सिंचाई के लिए समान पानी उपलब्ध हो सके। वहीं फसल मुआवजा या बीमा क्लेम मिलने में जो भी परेशानियां सामने आ रही हैं, अधिकारी उनको दूर करने का काम करें। लघु सचिवालय सभागार में सोमवार को अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद धर्मबीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए। डीसी श्यामलाल पूनिया की उपस्थिति में आयोजित बैठक में सांसद ने कहा कि कृषि, राजस्व व बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि मिलकर किसानों की समस्याओं के लिए ठोस कदम उठाएं।

नवप्रयास संगठन ने लगाया रक्तदान शिविर

फरीदाबाद में सोमवार को रक्तदाताओं की हौसला अफजाई करतीं प्रदेश भाजपा अनुशासन समिति की अध्यक्ष नीरा तोमर। साथ हैं शिक्षाविद् अजय यादव, सुनील यादव व अन्य। -हप्र

फरीदाबाद, 11 जुलाई (हप्र)

केडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल परिसर में नवप्रयास सेवा संगठन द्वारा 70वां रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में 48 ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ भाजपा जिला महामंत्री डा. आर.एन. सिंह द्वारा किया गया। शिविर में प्रदेश भाजपा अनुशासन समिति की अध्यक्ष नीरा तोमर, जिला भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष, भगवान सिंह, पूर्व विधायक नगेंद्र भड़ाना, भाजपा नंगला मंडल अध्यक्ष कविन्द्र फागना, निर्वतमान पार्षद महेन्द्र सरपंच, भाजपा युवा मोर्चा नंगला मंडल अध्यक्ष आदेश यादव ने शिरकत की। शिविर में आने पर भाजपा नेता एवं शिक्षाविद् अजय यादव ने बुके देकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

मुख्यातिथि डा. आर.एन. सिंह व नीरा तोमर ने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को एक वर्ष में कम से कम तीन बार रक्तदान करना चाहिए। एक व्यक्ति द्वारा दिए गया रक्त तीन जरूरतमंदों के काम आता है। संगठन के अध्यक्ष सुनील यादव ने कहा कि 71वां रक्तदान शिविर गांव सारन स्थित एस.एम. पब्लिक स्कूल में आयोजित किया जाएगा।

दुष्कर्म के आरोप से परेशान युवक ने जहर खाकर की आत्महत्या

जींद, 11 जुलाई (हप्र)

एक युवक ने रिश्ते में मामी लगने वाली एक महिला द्वारा दुष्कर्म के आरोप लगाने से परेशान होकर रेलवे जंक्शन पर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। युवक के खिलाफ रविवार को ही महिला थाने में दुष्कर्म का केस दर्ज हुआ था। रेलवे पुलिस ने मृतक के नाना, नानी, 2 मामा, मामी व दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली मामी व महिला थाने की जांच अधिकारी के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार एक महिला ने रविवार को महिला थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी कि रिश्ते में उसके भानजे ने उसे नौकरी दिलवाने का झांसा देकर रविवार को होटल में बुला लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला थाना पुलिस ने युवक के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज करके थाने में आने के लिए फोन कर दिया। इसका पता चलते ही युवक घर से निकल गया और रविवार देर शाम को रेलवे जंक्शन पर जाकर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के भाई ने आरोप लगाया कि उसके भाई को फंसाने की साजिश उसके नाना के भाई ने रची। दुष्कर्म के आरोप लगाने व महिला थाने से फोन आने के चलते उसका भाई घबरा गया और लोकलाज के चलते आत्महत्या कर ली।

जांच अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि साजिशकर्ताओं, दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली महिला, महिला थाने की जांच अधिकारी के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज किया है।

राशन वितरण में गड़बड़ी, डिपोधारक का लाइसेंस रद्द

जींद, 11 जुलाई (हप्र)

राशन वितरण में गड़बड़ी करने पर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा डिडवाड़ा गांव के डिपोधारक की पूर्ण प्रतिभूति राशि जब्त करने के साथ उसका लाइसेंस भी रद्द किया गया है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक निशांत राठी ने बताया कि महेन्द्र सिंह निवासी डिडवाड़ा द्वारा पालाराम डिपोधारक गांव डिडवाड़ा के विरूद्ध शिकायत की गई थी, जिसकी जांच उपमण्डल अधिकारी (ना) सफीदों द्वारा करने के उपरांत रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपी गई। जांच रिपोर्ट का अवलोकन करने पर पाया गया कि डिपोधारक द्वारा मृतक सदस्यों के नाम के हस्ताक्षर करके राशन दिया गया था।

गुरुग्राम यूनिवर्सिटी : शिक्षकों ने रौपे पौधे

गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के निर्माणाधीन परिसर में सोमवार को पौधरोपण करते लोग। -हप्र

गुरुग्राम, 11 जुलाई (हप्र)

गांव कांकरौला में निर्माणाधीन गुरुग्राम यूनिवर्सिटी परिसर में शिक्षकों ने त्रिवेणी समेत विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। जीयू के वाइस चांसलर दिनेश कुमार ने कहा कि नए परिसर में नीम, बढ़, पीपल के साथ-साथ जामुन व दूसरे कई प्रजातियों के बड़े पौधे रौपे गए हैं। उनके अनुसार यूनिवर्सिटी स्टाफ के साथ एक एनजीओ ने मिलकर विशेष अभियान के तहत एक हजार से अधिक पौधे लगाए। इस मौक पर मीडिया अध्ययन विभाग के प्रोफेसर डॉ. राकेश कुमार योगी ने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। इस मौके पर डॉ. विजय मेहता, गीता, डॉ. फलक खन्ना व डॉ. श्वेता समेत काफी लोग मौजूद रहे।

स्वापक नियंत्रण ब्यूरो हेतु स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर की नियुक्ति
(पटियाला हाउस कोर्ट, गुरुग्राम कोर्ट, सोनीपत कोर्ट, पानीपत कोर्ट, जींद कोर्ट, गाजियाबाद कोर्ट, नोएडा कोर्ट, मेरठ कोर्ट, हापुड़ कोर्ट)

दिल्ली तथा एनसीआर क्षेत्र में जिला न्यायालयों/एनडीपीएस न्यायालयों/विशेष एनडीपीएस न्यायालयों के समक्ष एनडीपीएस मामलों की हैंडलिंग के लिए स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, दिल्ली आंचलिक इकाई में स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर (SPP) के पैनलीकरण हेतु पात्र एडवोकेटों से आवदेन आमंत्रित हैं। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो की वेबसाइट पर उपलब्ध एसपीपीज़ की नियुक्ति संबंधी योजना में पात्रता मापदंड तथा अन्य विवरण को प्रदर्शित किया गया है- **www.narcoticsindia.nic.in** योग्य एडवोकेट्स आवेदित कोर्ट/कोर्ट्स विषय में स्पष्ट दर्शाते हुए, **zddzu-ncb@nic.in** पर ईमेल द्वारा प्रकाशन की तिथि से एक मास के भीतर जोनल डायरेक्टर, दिल्ली जोनल यूनिट के पास स्कीम में दर्शाए अनुसार अपेक्षित प्रोफार्मा 'ए', 'बी' तथा 'सी' में अपने स्व-विवरण सहित आवेदन करें।

cbc-19126/11/0008/2223

जोनल डायरेक्टर।

विश्व जनसंख्या दिवस सोनीपत के गोरड़ गांव में लिंगानुपात में जबरदस्त सुधार

एक साल में हजार लड़कों के मुकाबले 1470 लड़कियों ने लिया जन्म

सोनीपत, 11 जुलाई (हप्र)

सोनीपत के लघु सचिवालय में सोमवार को गोरड की एक बेटी को 50 हजार का चेक देकर सम्मानित करते डीसी ललित सिवाच। -हप्र

जिले के गांव गोरड़ गांव में एक साल के अंदर लिंगानुपात में जबदस्त सुधार दर्ज किया गया है। 2021 में प्रति हजार लड़कों पर 1470 लड़कियों ने जन्म लिया है, जबकि इससे पिछले 2020 के आंकड़ों पर गौर किया जाए तो प्रति हजार लड़कों पर मात्र 878 लड़कियां थी।

लघु सचिवालय में सोमवार को डीसी ललित सिवाच द्वारा प्राथमिक उपचार केंद्र प्रभारी डॉ. रवीश, निवर्तमान सरपंच सतीश, निवर्तमान पंच पूनम, एएनएम सुदेश व शर्मिला, आशा वर्कर सुमित्रा, गीता और रोशनी, आंगनबाड़ी वर्कर सुरेखा, दर्शना व नीलम को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही वर्ष 2021 में दसवीं कक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्रा तमन्ना, महक व सीमा को प्रमाण पत्र के साथ ही 50-50 हजार रुपये देकर सम्मानित किया है।

मांडीखेड़ा में कार्यक्रम

नूंह/मेवात (निस) : सोमवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिविल सर्जन डा. सुरेंद्र यादव की अध्यक्षता में सिविल अस्पताल मांडीखेड़ा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डा. सर्वजीत थापर, डॉ अरविंद कुमार प्रवर चिकित्सा अधिकारी, डॉ पंकज, डॉ हेमंत आरएमओ व अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

हिसार (निस) : आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र एवं आजाद हिन्द युवा क्लब किरतान द्वारा गांव डोभी के कन्या गुरुकुल प्रागंण में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कन्या गुरुकुल से परमजीत आर्य ने बताया कि जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गांव डोभी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर केंद्र के कुलपति बलजीत सिंह आर्य, आजाद हिंद युवा कल्ब किरतान के प्रधान कपुर सिंह आर्य, अजय, भुला देवी, मोनिका, मंजु बाला, मुस्कान, प्रियंका, नीलम व ज्योति आदि उपस्थित थे।

रोहतक (हप्र) : विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को समाजसेवी अश्विनी वशिष्ठ एवं उनके परिवार ने नेत्रदान करने के लिए स्थानीय सिविल अस्पताल में संकल्प पत्र भरे। सिविल सर्जन डॉ अनिल बिरला ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर नेत्रदान शिविर लगाए जा रहे है ताकि दृष्टिहिन लोग भी अंधेरे से उजालों में प्रवेश कर सके एवं प्रकृति की सुन्दरता का आनंद ले सके। जिला स्वास्थ्य विभाग के चीफ नेत्रअधिकारी डॉ दिनेश शर्मा ने बताया कि नेत्रदान करने वाले व्यक्ति की मृत्यु के 6 से 8 घंटे के अंदर ही नेत्रदान होता है।

बढ़ती जनसंख्या के खतरों से किया आगाह

जींद (हप्र) : सिविल सर्जन डॉ. मन्जू कादयान व परिवार कल्याण कार्यक्रम के उप सिविल सर्जन डॉ. पालेराम कटारिया के दिशा-निर्देश अनुसार सोमवार को स्वास्थ्य कर्मचारियों ने लोगों, विशेषकर कम पढ़े-लिखे लोगों के बीच जाकर उन्हे बढ़ती जनसंख्या के नुकसान के बारे में जागरूक करने तथा परिवार नियोजन के स्थाई व अस्थाई तरीकों की जानकारी से अवगत करवाया। इस अवसर पर स्वास्थ्य निरीक्षक राममेहर वर्मा, स्वास्थ्य कर्मी मंजू रानी, मुकेश कुमारी, ज्योति रानी, शीला देवी सहित सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों ने भाग लिया।

epaper.dainiktribuneonline.com